## खबर संक्षेप

### धरा गया तस्कर, 730 ग्राम गांजा किया जब्त

**कटनी।** बरही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक तस्कर को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बरही थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खितौली स्टेशन तिराहा क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मादक पदार्थ की तस्करी के इरादे से खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान धरीनाम विश्वकर्मा 48 वर्ष पिता छोटे लाल विश्वकर्मा, निवासी करौदी कला के रूप में हुई है। पुलिस ने जब हत आरोपी की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 730 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामद किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 7,300 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने गांजा जब्त कर धरीनाम विश्वकर्मा के खिलाफ बरही पुलिस ने NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह गांजा कहाँ से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था।

### विषपान एवं फांसी लगाने दो लोगों की हुई मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जुजावल में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामू भूमिया निवासी कउआ मोड कछारगांव के रूप में हुई है। शव जुजावल के जंगल में एक बरगद के पेड़ से लटका मिला। घटना 4 मार्च को दोपहर 12 से शाम 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है। इसी तरह रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम हथकुरी निवासी संदीप चौधरी 25 वर्ष ने अज्ञात कारणों से जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि रंगनाथ मंदिर के पीछे स्थित मैदान में एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही रंगनाथ नगर पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर देखा कि नीम के पेड़ के नीचे एक युवक संदिग्ध रूप से छिपा हुआ था। पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अंकित वंशकार 20 वर्ष पिता नत्थू उर्फ नच्चू वंशकार, निवासी मरघटाई के पीछे, गड्डा टोला (वंश स्वरूप वार्ड) के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अवैध हथियार जब्त कर लिया। धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### सिलेंडरों से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**कटनी।** बिलहरी चौकी अंतर्गत ग्राम घुघरा के पास गत दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। घरेलू गैस सिलेंडरों से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि ट्रक पलटने के बावजूद किसी भी सिलेंडर में विस्फोट या गैस रिसाव नहीं हुआ, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घुघरा रोड पर ट्रक की रफ्तार काफी अधिक थी। अचानक वाहन डगमगाया और चालक नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रक सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। ट्रक में रखे दर्जनों सिलेंडर सड़क पर बिखर गए। हादसे में ट्रक चालक को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर बिलहरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

### स्लीमनाबाद एवं माधवनगर थाना क्षेत्र में हुई वारदातों से पर्व की खुशियां मातम एवं दर्द में बदली, पुलिस अलर्ट

# होली पर हिंसक वारदातें: लाठियों से पीटकर प्रौढ़ की हत्या, बम के धमाकों से दहला बंगला लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

होली पर्व के दौरान जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में ऐसी हिंसक घटनायें हुई जिससे पर्व की खुशियां मातम एवं दर्द में बदल गई। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनवाही कौड़िया में रंगों का पर्व खून की होली में बदल गई। एक 52 वर्षीय प्रौढ़ की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतक की पहचान ग्राम धनवाही कौड़िया निवासी किशोरी बसोर 52 वर्ष के रूप में हुई है।





### मौके पर ही थम गई सांसें

बताया जा रहा है कि होली के दिन जब गांव में उत्सव का माहौल था, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने किशोरी बसोर पर लाठियों से हमला बोल दिया। हमला इतना बर्बर था कि लाठियों के वार से प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दिनदहाड़े हुई इस निर्मम हत्या से गांव में हड़कंप मच गया। वारदात की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए तत्काल मोर्चा संभाला और गांव में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के सटीक कारणों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस की जांच और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मामला पुरानी रंजिश या किसी बात को लेकर हुए विवाद से जुड़ा हो सकता है। पुलिस इस एंगल पर गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से ही पुलिस टीम सक्रिय है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

### पुरानी रंजिश पर धमाका, आधा दर्जन से अधिक घायल

माधव नगर थाना अंतर्गत बंगला लाइन कैंप क्षेत्र गुरुवार को धमाकों की गूँज उठा। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प ने उस वक्त खौफनाक रूप ले लिया जब आरोपियों ने सरेराह देसी बमों से हमला कर दिया। इस हमले में महिलाओं और मासूम बच्चों सहित करीब 7-8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद की शुरुआत सामान्य कहासुनी से हुई थी लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि हमलावरों ने देसी बम फेंकने शुरू कर दिए। बम धमाकों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हमले के बाद स्थानीय निवासियों में दहशत व्याप्त हो गई। इस हिंसक झड़प में हमलावरों ने महिलाओं और नाबालिग बच्चों को भी नहीं बख्शा। घायलों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से जिला अस्पताल कटनी पहुँचाया गया। कुछ घायलों की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जिनका गहन उपचार जारी है।

इस घटना की सूचना मिलते ही माधव नगर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बंगला लाइन कैंप में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि तनाव और न बढ़े। पुलिसिया जांच में घटना का मुख्य कारण पुरानी आपसी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। फरार मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं। दिन दहाड़े हुई बमबाजी की इस घटना ने शहर की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद से बंगला लाइन क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है और पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही है।

### प्रौढ़ की हत्या के मामले में पति -पत्नी गिरफ्तार, भेजा जेल



स्लीमनाबाद थाना के ग्राम कौड़िया में होली के दिन हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति -पत्नी को स्लीमनाबाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को दोनो को न्यायलय में पेश किया गया जहाँ से दोनों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि दुर्गेश बेन निवासी कौड़िया ने लल्लू बेन व रैना बेन के द्वारा पुरानी बुराई को लेकर उसकी एवं उसके पिता को लाठी से मारपीट की थी जिससे पिता किशोरीलाल की मृत्यु हो जाने पर धारा 109(1),115(2),3(5) BNS का कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी लल्लू उर्फ मुकेश बेन पिता भागचंद बेन 40 साल व रैना बाई पति मुकेश बेन 38 साल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी द्वारा अपना जुर्म घटित करना स्वीकार किया।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

RTE अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी,निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी।

आयु के संबंध में, नर्सरी,के.जी.-1,के.जी.-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक से 07 वर्ष 06 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु नर्सरी,के.जी.-1,के.जी.-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना दिनांक 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगी।

### होली मिलन समारोह में कलाकारों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां




भाजपा जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बाहर से आये कलाकरों ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ अपनी नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। नृत्य पर सभी कार्यकर्ता विशेष तौर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता झूम उठीं। इस दौरान अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर भक्ति की विजय के पावन प्रतीक होलिका दहन का आयोजन भी किया गया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र की मौत, बहू गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी-बरही मार्ग पर सुड्डी ग्राम मोड़ के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके परिवार की एक महिला गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के भनपुरा निवासी शिव सिंह 55 वर्ष अपने पुत्र मनोज सिंह 35 वर्ष एवं बहू चंदा बाई के साथ बाइक पर सवार होकर बरही क्षेत्र से लौट रहे थे। बताया जाता है कि तीनो शोक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 9 बजे जैसे ही उनकी बाइक सुड्डी मोड़ के पास पहुंची तभी कटनी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। पपिकअप ने बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह उसे रौंदते हुए पास के खेत में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शिव सिंह और मनोज सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चंदा बाई को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और फिर वहां से बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

### हादसे के बाद चालक फरार

बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है और फरार चालक की तलाश के लिए टीम लगी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

## 407 पंचायतों एवं निकायों के 90 वार्डों में 45 हजार से अधिक आवेदन निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से अब तक 45 हजार 985 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर एवं शिविर लगाकर जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिये 15 फरवरी तक आवेदन लिये गये थे। इस दौरान कुल 51 हजार 977 आवेदन प्राप्त हुये थे। जिनमें 44 हजार 964 आवेदन स्वीकृत हुये एवं 1 हजार 21 आवेदन अस्वीकृत हुये हैं वहीं 5 हजार 977 आवेदन निराकरण हेतु लंबित है।

### 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें। क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

### वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए खनिज विभाग सख्त कार्रवाई

## समय-सीमा में डेड रेंट व रॉयल्टी जमा नहीं करने पर 5 खदानें निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति निकट आते ही राजस्व वसूली को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा हाल ही में खदान संचालकों की आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि खनिजों का पूर्ण क्षमता से उत्खनन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में रॉयल्टी एवं डेड रेंट की राशि शासन के खाते में अनिवार्य रूप से जमा कराई जाए। निर्देशों की अवहेलना करने वाले पांच खदान धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उनकी खदानें निरस्त कर दी गई हैं।

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जिन खदानों को निरस्त किया गया है, उनमें – पीयूष जैन, ग्राम परसवारा,मनोज पाण्डे, दादर सिहुडी,मेसर्स व्हाईट मिनरल, दादर सिहुडी (पत्थर क्रेशर खदान)स्नेहलता जैन, नयाखेड़ा (फर्शी पत्थर खदान) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त असाटी मिनरल की मार्बल खदान को लंबे समय तक बंद रखे जाने के कारण पर्यवसित (समाप्त) कर दिया गया है।

### इन खदानों को भी नोटिस

जिले में दो वर्ष से अधिक समय से शिथिल पड़ी लगभग एक दर्जन से अधिक खदानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं डेड रेंट की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले करीब दो दर्जन खदान संचालकों को डिमांड लेटर जारी कर शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए गए हैं।जिनमें मे. विनीत मार्बल (ग्राम छपरा), मे. विकास मार्बल (ग्राम छपरा),मे. त्रिवेणी मार्बल (ग्राम कछारगांव), समदड़िया इंटरप्राइजेज (ग्राम छपरा),

राजीव पाटिल (ग्राम गेंडा), मे. इटालियन मार्बल (ग्राम पौड़ी), मे. लक्ष्मी गौड़ मार्बल प्रा. लि. (ग्राम छपरा),मेसर्स डी.एम. मार्बल्स (ग्राम छपरा),मे. शिवशक्ति मार्बल (ग्राम छपरा), मे. गीतांजली मार्बल (ग्राम छपरा), लक्ष्मी गौड मार्बल एण्ड मिनरल्स (ग्राम निमास), मे. लक्ष्मी स्टोनी मार्म (ग्राम कछारगांव),मे. गरीब नवाज मार्बल (ग्राम अमोच), मे. गुरु कल्याण कृपा मेसर्स एस. अबुल प्रा.लि. (ग्राम निमास), मेसर्स शारदा मार्बल्स (ग्राम निमास), मेसर्स सरिता मार्बल (ग्राम निमास), मे. बी.आर.एम. मार्बल (ग्राम जुजावल),मुख्य है इसके साथ अन्य सभी बकायेदारों जैसे पालीवाल, त्रिवेणी मार्बल, तेजस्विनी माइनिंग सहित अन्य प्रमुख मार्बल खदान संचालकों को अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है।

### तो होगी कुर्की

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निरस्त खदान धारकों द्वारा बकाया राशि समय सीमा में जमा नहीं कराए जाने की स्थिति में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत आरआरसी जारी कर चल एवं अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। भोपाल में आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव, खनिज साधन विभाग आलोक कुमार सिंह एवं संचालक, खनिज प्रशासन नोबेल फ्रेंक द्वारा मार्च माह में अभियान चलाकर अधिकतम राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय-सीमा बैठक में सभी लोक निर्माण विभाग , पीआईयू, डब्ल्यूआरडी, एनवीडीए तथा अन्य निर्माण एजेंसियों और शासकीय विभागों को निर्देशित किया है कि भवन निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, बोल्डर, रेत, मुरूम आदि की रॉयल्टी एवं बाजार मूल्य की राशि 15 मार्च तक खनिज मद में जमा कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि कार्य एजेंसियों द्वारा रॉयल्टी क्लियरेंस प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो संबंधितों से बाजार मूल्य के दर से वसूली की जाए और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## वाहन चेकिंग के दौरान चोर गिरफ्तार, बस स्टैण्ड से चोरी किया था बुलेट वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत राममनोहर लोहिया वार्ड से चोरी हुई बुलेट को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर जबलपुर निवासी एक शातिर चोर को स्लीमनाबाद के पास चेकिंग के दौरान रंगे हाथों दबोचा। आरोपी के पास से रॉयल एनफील्ड बुलेट जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार फरियादी रितेश सोनी निवासी लोहिया वार्ड ने 3 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बुलेट क्रमांक MP 49 ZC 2124 घर के बाहर से चोरी हो गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदेही लाल रंग की बुलेट लेकर स्लीमनाबाद की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद पुलिस को अलर्ट किया गया और बस स्टैंड चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय की टीम को रवाना किया गया। स्लीमनाबाद में पुलिस चेकिंग देख आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने उसे चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद दानिश खान 20 वर्ष निवासी गोहलपुर जबलपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने कटनी बस स्टैंड के पास से यह बाइक चोरी की थी।

कार्रवाई में कोतवाली टीआई राखी पाण्डेय, स्लीमनाबाद टीआई सुदेश समन, उपनिरीक्षक सिद्धार्थ राय, अनिल यादव और उनकी टीम की विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### सिलौंडी में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**सिलौंडी।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन मोहल्लों और चौक-चौराहों पर रंगों की फुहारें उड़ती रहीं और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर गूंजते रहे। चौकी प्रभारी अनिल पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे क्षेत्र में गश्त करता रहा ।बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। डीजे और ढोल की थाप पर युवा जमकर थिरके। वहीं युवाओं ने परंपरागत रूप से अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। ग्राम कुंसरी में हर साल की तरह इस बार भी पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह बागरी,सरपंच आशा बागरी ने क्षेत्र के प्रसिद्ध गायकों से फाग गीत गाकर और पारंपरिक नाच से लोगों का मन मोह लिया। सिलौंडी कटी खेड़ा खेरमता में फाग गीतों ने लोगो का मन मोह लिया ।जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। युवाओं व बच्चों ने होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा के होली गीत पर हर्षोल्लास के साथ नृत्य किया। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की सभी नागरिकों एवम क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दीं एवं नशा ना करने की अपील की। बाजारों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आईं।

### आदतन अपराधी को 5 माह तक थाना में देने होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने वार्ड क्रमांक 12 अमरैयापार, थाना कैमोर निवासी अदनान रजा 25 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अदनान रजा के विरूद्ध वर्ष 2018 से अब तक कुल 4 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें दंगा करना, गाली-गलौज करना, फायर आर्म्स के साथ आत्म हत्या करने का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने जैसे अपराध शामिल है। साथ ही अदनान साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तेजित कर लड़ाई झगड़ा करता है जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है। पुलिस द्वारा अदनान के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 5 माह तक पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### आज यहां लगेगे शिविर

**कटनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 6 मार्च को कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद में शिविर का आयोजन किया गया है। शुक्रवार 6 मार्च को कैमोर नगर परिषद के वार्ड नं 13 लोहिया नगर वार्ड, वार्ड नं 14 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 15 डॉ अम्बेरडकर वार्ड के लोगों के लिए शासकीय माध्यामिक शाला अमरियापार कैमोर में शिविर का आयोजन किया गया है। जबकि विजयराघवगढ़ नगर परिषद के वार्ड नं 13 मौलाना आजाद वार्ड, वार्ड नं 14 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 15 शारदा देवी वार्ड के लोगों के लिए जायसवाल आटा चक्कीढ के पास शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन नगर परिषद बरही के वार्ड नं 12 स्वा मी विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं 13 विजयनाथ वार्ड, वार्ड नं 14 शिवाजी वार्ड, वार्ड नं 15 राजीव गांधी वार्ड के लोगों के लिए दुर्गा मंदिर के पास छिन्दिया टोला बरही में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड बहोरीबंद में ग्राम अमगवां, कूडा, मर्दगढ़, चान्दयखेडा, तमुरिया, तिगवॉ, दिहुन्टार, पथराड़ी पिपरिया, पाकर, बहोरीबंद, मोहनिया, रामपाटन, सुपेली, सिन्दुरसी ग्राम में शिविर का आयोजन होगा।

रंग गुलाल से सराबोर दिखाई दिये युवा और बच्चे, सुरक्षा को लेकर रहा पुलिस का सख्त पहरा

# बरसा रंग, उड़ा गुलाल, जमकर हुई मौज मस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





रंग, उमंग और खुशियों का महापर्व होलिकोत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। होली के त्यौहार की मस्ती के आगे क्या बच्चे क्या बड़े सब होलियाना पर्व में दिखे। शहर से लेकर दूरस्थ गांव तक स्थानीय परंपरानुसार विविध आयोजनों के मध्य महापर्व होली धूमधाम से मनाया गया। चंद्रग्रहण के चलते इस साल होलिका दहन दूसरे दिन धुरेड़ी पर्व नहीं मनाया गया। 4 फरवरी को जमकर रंग गुलाल खेला गया।इस बीच कही सामूहिक रूप से रंग, गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर होली मनाई गई तो कही पारंपरिक होली गीत गुंजायमान रहे। होली के अवसर पर लोगो ने स्नेहीजनों के घरों में भी पहुंचकर एक दूसरे पर रंग व टीका लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

होली पर्व को लेकर खासकर युवाओं व बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया। बड़ो की होली में पहले जैसी रंगत नजर नही आई। बावजूद इसके महापर्व होली धूम निराली रही। परिजनों ने बच्चों के मनपंसद वाली पिचकारियां, रंग के साथ ही बाजार में उपलब्ध मनोरंजन की कई सामग्री खरीदी। बच्चे कही मुखौटो के साथ होली का लुत्फ उठाते रहे तो कही साधु संतो की वेशभूषा वाले जटा लगाकर भी हुल्लड़ करते रहे। बाजार में सजी होली की दुकानों में भीड़ रही। मिठाई की दुकानों में भी भीड़भाड़ रही। दो दिनी अवकाश के बाद गुरूवार को भी बाजार नहीं खुला। वाहनों की धमाचौकड़ी भी कम ही रही।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुरेड़ी से कहीं ज्यादा होली दूसरे दिन हुई। धुरेड़ी के दूसरे दिन ज्यादा होली खेली गई। सड़कों पर सन्नाटे के रंगों से सराबोर युवाओं की टोली भी निकली, हालांकि जान पहचान वालों को ही रंग गुलाल लगाया। विवादित स्थिति से बचने जबरन किसी पर रंग नहीं डाला गया। जिले के कहीं-कहीं विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई।

#### बच्चों ने चलाई पिचकारियां, मची रंग-गुलाल की धूम

रंगों के पर्व होली पर कलेक्टर आशीष तिवारी बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ कलेक्टर निवास में रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, जलेबी, खस्ता,कचौड़ी, आलू टिकिया - मटर चाट, पानी पूरी, आइसक्रीम सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का ज़ायका लिया।

इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा,निगमायुक्त तपस्या परिहार,अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप मिश्रा , तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी । कलेक्टर श्री तिवारी ने निज निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया। जहां कलेक्टर ने बच्चों के साथ करीब 3 घंटे तक जमकर होली खेली। बच्चों की खुशियों में शामिल कलेक्टर श्री तिवारी को, बच्चों ने रंग और गुलाल से सराबोर कर दिया।

#### बच्चों की खुशी से दोगुना हुआ होली पर्व का उत्साह

कलेक्टर श्री तिवारी के साथ नटखट अंदाज में होली खेल रहे बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। कलेक्टर ने भी बच्चों के साथ बच्चा बन खेली रंगों की होली। कलेक्टर के साथ होली खेलकर बच्चे बेहद खुश हुए।बच्चों की इसी खुशी ने रंगोत्सव के उल्लास और उत्साह को दोगुना कर दिया। कलेक्टर के साथ -साथ जिले के मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ होली खेली। बच्चों के साथ बच्चा बनकर होली का आनंद उठाते अधिकारियों की खुशी भी देखते ही बनती थी। होली खेलने के साथ -साथ बच्चों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया। इस दौरान आसरा बाल गृह के संचालक सहित कलेक्ट्रेट और अन्य विभागीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

होली पर्व में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले भर में पुलिस के करीब 600 जवान सक्रिय रहे। सभी थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी खुद टीम के साथ सड़कों पर गश्त करने निकले। होली की सुबह पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा दलबल को साथ लेकर लगातार विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दे रहे हैं। सुरक्षा की टोह लेते हुए पुलिस अधीक्षक रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र पहुंचे जहां पर पुलिस जवानों के साथ खुद सड़क पर खड़े रहकर आने जाने वाले लोगों की अपने सामने ही तलाशी करवाई।

ग्रामीण अंचलों में भी उत्साह से मनाया गया रंगों का पर्व होली

# होली में बच्चों ने की जमकर मस्ती, पिचकारियों से की रंगों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली बुधवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन मोहल्लों और चौक-चौराहों पर रंगों की फुहारें उड़ती रहीं और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर गूंजते रहे।बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। डीजे और ढोल की थाप पर युवा जमकर थिरके। वहीं युवाओं ने परंपरागत रूप से अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने फाग गीत गाकर और पारंपरिक व्यंजन बनाकर त्योहार की खुशियों को दोगुना किया। बड़वारानगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सामाजिक संगठन के युवाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। युवाओं व बच्चों ने होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा के होली गीत पर हर्षोल्लास के साथ नृत्य किया।

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की सभी नागरिकों एवम क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दीं एवम कहा कि रंगों के पर्व को आत्मीयता व सौहार्द पूर्वक मनाएं सभी लोग गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे से अपनत्व एवम प्रेमभाव से मिलें व समाज मे एकता बनाकर रहें।,महिलाओं ने किया विधि विधान से होलिका पूजनहोली के पूर्व महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। महिलाओं ने जल, रोली, कलावा, चावल, धूपबत्ती, फूल, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, बताशे, गुलाल और नारियल अर्पित कर पूजा-अर्चना की।इसके बाद होलिका के चारों ओर कच्चे सूत की सात परिक्रमा लगाई गई और पूजन सामग्री पवित्र अग्नि में समर्पित की गई। जिले भर में प्रेम, श्रद्धा और भाईचारे के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।बाजारों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आईं, जिससे पूरे बड़वारा नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।

### पुलिस ने गांवों में पेट्रोलिंग कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे धुलेंडी पर्व शांति–सौहार्द व आपसी उत्साह के साथ मना। धुलेंडी पर्व खूब रंग गुलाल उड़ा व लोग फाग गायन व डीजे की धुन पर थिरके ।सुबह से चला सिलसिला देर शाम तक जारी रहा ।वही लोगो एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गले मिल होली पर्व की शुभकामनाएं दी ।रंगों के उत्साह का पर्व क्षेत्र मे रंगपंचमी तक चलेगा ।सुरक्षा की दृष्टि प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस की रही निगरानी–बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे होली के रंग मैं भंग न हो ,यानि शांति पूर्ण तरीक़े से लोग पर्व मनाए इसके लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल थाना क्षेत्र मे प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस की पेट्रोलिंग के साथ सख्त निगरानी रही। बहोरीबंद थाना क्षेत्र मे एसडीएम राकेश चौरसिया,थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित पुलिस बल थाना क्षेत्र के ग्रामो मैं पेट्रोलिंग की गई। वही स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र मे एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ,तहसीलदार सारिका रावत, आकाशदीप नामदेव,थाना प्रभारी सुदेश सुमन सहित पुलिस बल ने थाना क्षेत्र के ग्रामो मैं पेट्रोलिंग कर शांति पूर्वक होली पर्व का मनाने का संदेश दिया।

# उमरियापान क्षेत्र में उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



रंगों, उमंग-उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होली का पर्व उमरियापान क्षेत्र में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोलियां गांव और मोहल्लों में घूमते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए।

#### गुलाल लगा बांटी खुशियां

कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। बच्चों ने रंग-बिरंगी पिचकारियों और मुखौटों के साथ होली का भरपूर आनंद लिया। वहीं महिलाओं और बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा की। त्योहार के चलते अधिकांश दुकानों के बंद रहने से बाजारों में सन्नाटा रहा, लेकिन गांव और मोहल्लों में उत्सव का माहौल बना रहा।

#### पुलिस रही मुस्तैद

ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक फाग गीतों की गूंज भी सुनाई दी, जिसमें युवाओं के साथ बुजुर्ग भी शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में कई दिनों तक होली का उत्साह देखने को मिला। होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी गई। चंद्रग्रहण होने के कारण लोगों ने इस बार अलग अलग दिनों में भाईचारे के साथ रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

फागोत्सव में एक से बढ़कर एक फाग गीतों पर थिरके लोग

# ब्रज की तर्ज पर खेली गई लघु वृंदावन धाम में होली, भगवान को अर्पित किये 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आज बिरज में होली रे रसिया,होली खेले रघुवीरा अवध मैं होली खेले रघुवीरा,रंग से रंग मिलाना सजन तुम ऐसे रंग मिलाना,खेली खेली रे राम संग फाग अवध में भरे रे कटोरा रंग केसर के जैसे फाग गीतों का गायन व धुन पर थिरकते लोग नजारा था लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज का। लघु वृंदावन धाम में ब्रज की तर्ज पर होली खेली गई।ब्रज होली में सम्मिलित होने बड़ी संख्या मे लोग पहुँचे।चहुँओर रंग से सरोबोर नजारा देखने को मिला।

ब्रज होली से पूर्व मंदिर मे फूलों की होली खेली गई,फिर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन किया गया फिर शुरू हुआ ब्रज होली खेलने का सिलसिला।जिसमे गांव के सभी लोग सम्मिलित तो हुए ही साथ ही दूरदराज से लोग भी आनंद लेने आये।लघु वृंदावन धाम मैं ब्रज होली के बीच 56 प्रकार का भोग भगवान बाँके बिहारी को अर्पित किया गया। रंग-अबीर,गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। हरिदास ब्रजधाम कोहका में देर शाम फागोत्सव आयोजन हुआ।जहाँ एक से बढ़कर एक फाग गीत लोगो के द्वारा गाये गए।

स्लीमनाबाद तहसील तहसील मुख्यालय सहित तहसील भर के ग्रामीण अंचल में धुलेंडी धूमधाम से मनाई गई है। सुबह से ही गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में होली का माहौल बन गया था। बच्चों में जबर्दस्त उत्साह था, जो पुराने कपड़े पहनकर तैयार थे।कई परिवारों में तो बच्चों के साथ बड़ों में भी होली का रंग चढने लग गया। रिश्तेदारों व आस पड़ोस के लोगों के आने-जाने का सिलसिला भी चलता रहा। इस बार की होली में गुलाल व सूखे रंगों का प्रयोग ज्यादा हुआ। पक्के रंगों को आम जनता ने दरकिनार करके हर्बल रंगों का ज्यादा उपयोग किया गया। हालांकि बच्चे गुब्बारे और पिचकारियां चलाने में पीछे नहीं रहे।

मान्यताओं के हिसाब से सालभर में जिस परिवार में गमी हुई है, उनके यहां पर समाज व मिलने वाले रंग डालने जाते हैं जिससे उस परिवार का सूतक खत्म होता है। शादी-विवाह से लेकर अन्य शुभ काम कर सकते हैं। गमी के परिवारों को सूतक से मुक्त कराने के लिए बड़ी संख्या में समाजों की टोली गमी वाले परिवारों में पहुंची।

स्लीमनाबाद क्षेत्र में जगह जगह आयोजित हुए होली मिलन समारोह

# दिनभर चला फाग गीतों का दौर, होली में जमकर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रंगों का पांच दिवसीय त्यौहार होलिका दहन के साथ शुरू हुआ। बुधवार को धुलेंडी पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिनभर रंग, अबीर लगाने के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने का और फाग गाकर मनोरंजन करने का सिलसिला चलता रहा। खासतौर से ग्रामीण इलाकों में फाग की रंगत देखने को मिली।

#### नगर में दिखी रौनक

होली को लेकर शुक्रवार को दिन भर फाग गीतों का दौर चलता रहा। कई जगह सामूहिक आयोजन किये गए। वहीं होली के त्योहार को लेकर दिन भर बाजार में रौनक बनी रही।नगर में होली पर्व को लेकर तरह-तरह के हर्बल रंग गुलाल और कई तरह की पिचकारियों से दुकानें सजी रहीं। होली को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिली। पिचकारी विक्रेताओं ने बताया कि इस बार कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। साथ ही बच्चों को कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां भा रही हैं। उनका कहना है कि इस बार पिचकारियों और रंगो पर मंहगाई का असर भी देखने को मिला।

#### बाजार में दिखा महंगाई का असर

इस वर्ष हर्बल रंग, गुलालों व पिचकारियों में दाम में दस से बीस फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में 10 रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक की पिचकारियां मौजूद रही । बाजार में सुगंधित गुलालों की भी मांग खूब रही है। वहीं लोग स्प्रे की भी डिमांड रही , जो 50 रूपए से 200 रूपए की कीमत तक के उपलब्ध रहे । इसमें झाग वाले स्प्रे, सुगंधित स्प्रे व चमकीले स्प्रे की मांग ज्यादा रही।

#### जगह जगह हुआ फाग उत्सव

बुधवार को धुलेंडी पर्व पर बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे जगह जगह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हरिदास ब्रजधाम कोहका, जगदीश धाम खिरहनी, श्रीराम जानकी मंदिर कौड़िया में फाग उत्सव आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत धरवारा मैं दोपहर से देर शाम तक ढ़ोल, नगररिया, मंजीरे की धुन पर फाग गीतों की प्रस्तुति दी।उपसरपंच अमित गर्ग ने बताया की होली का त्यौहार ही एक ऐसा त्यौहार है जिसमें पुराने गिले शिकवे को भुला, रंग अबीर गुलाल लगाते हुए गले लगा जाता है। धीरे-धीरे हमारी लोक संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व तक संगीतमय होली का कार्यक्रम एक माह तक लगातार चलता था। जिसमें सभी लोग एक दूसरे से मिलते थे और आपसी प्रेम सद्भाव में बृद्धि होती थी। वहीं वर्तमान में ढ़ोल, नगरियॉ, मंजीरे की धुन पर फगुआ के मनमोहक गीत विलुप्त होते जा रहे हैं।

इन गीतो के माध्यम से फगुआ गाने वाले अपने ईष्ट राधा-कृष्ण, माता सीता और प्रभु राम एवं भोला बाबा के नाम से फागुआ में शब्दो से भक्ति की गंगा बहाते थे। वहीं वर्तमान में डीजे की धुन पर बिना अर्थ के गाने सुनाई पड़ते हैं।

# उपद्रवियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, नशे में वाहन चलाने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत के नेतृत्व में करीब एक दर्जन ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जो क्षेत्र में उत्पात मचाते हुए शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे। इतना ही नहीं अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग करते हुए लगभग 15 नशेड़ी वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही भी की।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा पर्व को देखते हुए दिए गए निर्देशों के तहत थाना क्षेत्र में पुलिस की टीमें भ्रमण करते हुए हर परिस्थिति पर नजर रख रही थी। विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त होने पर ऐसे एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया जो उत्पात मचाकर शांति व्यवस्था को भंग कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया। इसके साथ ही दुर्गा चौक खिरहनी, तिलक कॉलेज के सामने एवं ग्राम हिरवारा में विशेष चेक प्वाइंट लगाया गया। आने जाने वाले लोगों की जांच करते हुए जांच के दौरान 15 वाहन चालक नशे की हालत में मिले, जिनके खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी श्री राजपूत ने कहा कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सतत निगाह रखते हुए बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध गतिविधि या फिर किसी अनहोनी की सूचना मिले तो तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैयार और तत्पर है।

**खबर संक्षेप**

## होली पर पूरी रात जागते रहे वन कर्मी

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत होली एवं होलिका दहन के अवसर पर वनाग्नि की संभावनाओं तथा वन्यजीव शिकार की रोकथाम हेतु विशेष रात्रि गश्ती अभियान संचालित किया गया। वनमण्डल के सभी वन परिक्षेत्रों, सर्किलों एवं बीट क्षेत्रों में वनकर्मियों, समिति सदस्यों तथा सुरक्षा श्रमिकों की संयुक्त टीमों ने पूरी रात सक्रिय रहकर संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी की। गश्ती दलों द्वारा वन सीमा से लगे ग्रामों में पेट्रोलिंग, जल स्त्रोतों एवं विद्युत लाइनों की जांच, जंगल के भीतर मार्गों की सर्चिंग तथा जिला सीमा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को भी वनाग्नि रोकथाम एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। होली के दौरान वन क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि होलिका दहन, खुले में जलती आग, अलाव या असावधानी से छोड़ी गई चिंगारियां तेजी से वनाग्नि का रूप ले सकती हैं। त्योहार के समय मानव गतिविधियों में वृद्धि के कारण जंगलों में अनधिकृत प्रवेश तथा वन्यजीव शिकार की आशंका भी बढ़ जाती है।

### भूसा बाहर भेजने से गहराने लगा भूसा संकट

# भूसे से भरे ओवरलोड वाहनों से बढ़ता हादसों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सागर-दमोह-जबलपुर मार्ग सहित क्षेत्रीय सडकों पर इन दिनों भूसे से भरे ओवरलोड ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, 207 और 407 वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ये वाहन न केवल यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी बनते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से इन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। दिनभर सडकों पर गुजरने वाले ओवरलोड वाहन पूरे मार्ग को घेर लेते हैं, जिससे छोटे वाहनों को ओवरटेक करने में भारी कठिनाई होती है। कई बार यह स्थिति दुर्घटनाओं को न्योता देती है। हद तो तब हो जाती है जब भूसे से लदे ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉली के ऊपर लोग बैठे हुए होते हैं। ऐसे में यदि वाहन हाईटेंशन बिजली लाइनों के संपर्क में आ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र में पूर्व में ऐसे मामले सामने आ चुके है, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस विभाग द्वारा प्रभावी जांच और कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण इन वाहनों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की अनदेखी से सड़कों पर अराजक स्थिति बनती जा रही है। दूसरी ओर, जिले से प्रतिदिन दर्जनों ट्रक भूसा बाहर भेजे जाने के कारण क्षेत्र में भूसा संकट गहराने लगा है। पिछले दो सीजन समाप्त होने के बाद दाम एक हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए थे, जिससे पशुपालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों एवं पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि सडकों पर ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच की जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो तथा भूसा परिवहन को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। इससे न केवल सड़क हादसों पर अंकुश लगेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भूसे की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

## नगर में बड़े ही उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार



**हटा।** नगर में होली त्योहार बड़े ही उमंग हुआ उत्साह के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया गया। होली को यादगार बनाने के लिए इस बार परीक्षाओं का दौर चलने के बावजूद भी खास तौर से युवा वर्ग उत्साह से होली उत्सव का हिस्सा बने नगर में युवाओं की टोली ने जगह-जगह ढोल नगाड़ों डीजे के बीच होली के गीतों पर थिरकते हुए दोपहर से शाम तक जमकर रंग गुलाल उड़ाते हुए रंगीन नजारे को यादगार बनाया। नगर में युवाओं द्वारा चौक-चौराहों व गलियों में आने जाने वाले लोगों पर बिना जान पहचान के भी प्रेम का रंग बरसाने उत्साही थे। जिससे हर किसी का चेहरा रंगों से लथपथ दिखाई दे रहा था। वहीं महिलाएं वह युवतियां भी होली खेलने में पीछे नहीं रहीं अपने-अपने गली मोहल्ले में एक दूसरे को रंग लगाकर खूब रंग गुलाल उड़ाते हुए होली का पर्व मनाकर एक दूसरे के बीच खुशियां बांटी। वहीं नगर के युवा भाजपा नेता सोमिल सिंह हजारी के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जहां वरिष्ठ नेता मानवेंद्र हजारी के मार्गदर्शन में नगर के सभी वर्गों के लोगों के साथ थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पहुंचकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और दही बड़ा पार्टी का लुफ्त उठाया।

### एक ही किसान को 4–5 लाख का नुकसान

# सिंग्रामपुर में एक माह में चार भैंस चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में एक ही किसान की एक माह के भीतर चार भैंस चोरी हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। चोरों की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती तिराहा के पास तिलगवां रोड पर रहने वाले भैंस मालिक मोतीलाल यादव के यहां बुधवार–गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घर के सामने बने बाड़े में झोपड़ी के अंदर गाय-भैंस बंधी हुई थीं। देर रात करीब 3:30 बजे आहट होने पर परिवार के लोग उठे तो देखा कि बाड़े से दो भैंस गायब थीं। परिवार के लोगों ने आसपास तलाश की लेकिन भैंसों का कोई पता नहीं चल सका। बाद में घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पता चला कि तीन से चार अज्ञात लोग एक ऑटो लेकर आए थे और भैंसों को वाहन में लादकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

भैंस मालिक मोतीलाल यादव ने बताया कि एक माह पहले भी उनके यहां से दो भैंस चोरी हो चुकी हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से उन्हें करीब चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। घटना की सूचना सिंग्रामपुर पुलिस चौकी को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती पशु चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द आरोपियों को पकड़ने और रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### जेल प्रबंधन ने किए विशेष इंतजाम....

# उपजेल में बंदियों के बीच छलका भाई-बहन का प्रेम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

रंगोत्सव होली के भाईदूज पर्व पर परंपरागत जेल की चारदीवारी के बीच निरुद्ध बंदियों के लिए गुरुवार का दिन भावुक कर देने वाला रहा, जब उनकी बहनें तिलक लगाने और मंगल कामना करने जेल परिसर पहुंची। जहां भाई दूज पर सुबह से ही जेल के मुख्य द्वार पर बहनों और परिजनों की भारी भीड़ देखी गई। जेल प्रबंधन द्वारा आयोजित विशेष मुलाकात सत्र के दौरान, बहनों ने नम आंखों से अपने बंदी भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, उनकी आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी शीघ्र रिहाई की कामना की। इस दौरान जेल परिसर का वातावरण पूरी तरह से पारिवारिक और उत्सवमय नजर आया। उप-जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी के निर्देशन में भाईदूज पर्व पर विशेष मुलाकात हेतु विशेष व्यवस्था की गए थी जिससे नियमों और सुरक्षा गाइडलाइंस का पालन करते हुए सभी बहनों को व्यवस्थित तरीके से प्रवेश दिया गया और पर्व की गरिमा बनाए रखते हुए सभी को पर्याप्त समान और समय दिया गया, ताकि वे अपने परिजनों से आत्मीयता से मिल सकें। इस दौरान उपजेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी ने बताया कि ऐसे पर्वों के आयोजन से बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। जेल परिसर में बने प्रतीकात्मक भित्ति चित्रों (जैसे हथकड़ियों के बीच से निकलते हाथ) के साये में आज प्रेम और सुधार की नई इबारत देखने को मिली। मुलाकात करने आईं बहनों ने जेल प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों की सराहना की और कहा कि जेल प्रशासन के सहयोग के कारण ही वे कठिन परिस्थितियों में भी अपनी परंपरा को निभा पाईं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ




**नरसिंहगढ़।** दमोह में इकाई नेतृत्व टीम द्वारा इस वर्ष के विषयः "सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़ें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं" के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण, प्रार्थना और 'सुरक्षा शपथ' के साथ हुई। इसके पश्चात सुरक्षा प्रदर्शन साझा किया गया और NSW-2026 की थीम व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। समारोह के दौरान TCH-सेंट्रल श्री सुरेश दुबे और सुरक्षा प्रमुख चिराग गजेरा ने यूनिट टीम को संबोधित किया। उन्होंने NSW-2026 के महत्व और सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। सुरक्षा के प्रति समर्पण को बढ़ावा देने के लिए 'महीने के सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा व्यक्ति','सराहनीय कार्य' करने वाले योगदानकर्ताओं और हाउसकीपिंग स्टाफ को उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। जागरूकता को और मजबूत करने और सुरक्षित कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए साइट पर PPE (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) का व्यावहारिक प्रदर्शन और एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

## ससुर ने बहू पर कुल्हाड़ी से किया हमला, इलाजरत

**हटा।** हटा थाना क्षेत्र के गांधी वार्ड बूढ़ा हटा में गुरुवार की सुबह ससुर द्वारा बहू पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को पहले सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बहू सीमा पटेल का आरोप है कि वह गुरुवार सुबह दोज का व्रत रख रही थी, तभी किसी बात को लेकर ससुर से विवाद हो गया। विवाद के दौरान ससुर ने पहले अपने बेटे के साथ मारपीट की और उसके बाद बहू सीमा पटेल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद घायल महिला किसी तरह हटा थाना पहुंची, जहां से पुलिस ने उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दमोह रेफर किया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा कथा व्यास पंडित जागेश्वर कृष्ण शास्त्री जी की उपस्थिति में प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर राधा-कृष्ण मंदिर, खेर माता मंदिर, हनुमान मंदिर, गोरैया डब्बा सहित गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची, जहां कलश यात्रा के साथ इसका समापन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बांदकपुर, हलगज, मुड़ारी, जुझार, रंजरा, मैली सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती गीता दर्शन सिंह लोधी रहीं। इस अवसर पर दौलत सिंह लोधी, हेमेंद्र असाटी, राजन, अशोक सिंह, पप्पू सिंह, सरदार सिंह, रवी सिंह, जयपाल सिंह, पप्पू सिंह पटेल, नीरज महोबिया, दिव्यांश सिंह, विक्रम भानु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# श्रीजी की पालकी यात्रा विमान उत्सव के साथ 24 समोशरण विधान संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज द्वारा नन्हे मंदिर नवीन निर्माण कार्य हेतु आयोजित श्री अरिहंत चक्र 24 समवशरण महामंडल विधान का मंगलवार को विमान उत्सव पालकी यात्रा के साथ समापन हो गया इसके पूर्व प्रातः बेला में 64 रिद्धि शांति धारा एवं विश्व शांति महायज्ञ संपन्न हुआ। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके शिष्य मुनिश्री पदम सागर एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में आयोजित 24 समोशरण श्री अरिहंत चक्र महामंडल विधान के अंतिम दिन मंगलवार को प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक उपरांत 64 शांति धाराए संपन्न हुई। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया, सुरेश शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, रोहित भैया, मोनू भैया, स्वतंत्र भैया, अभिषेक भैया आदि के निर्देशन में शांति धारा उपरांत नित्य पूजन नव देवता पूजन आचार्य श्री पूजन जिनवाणी पूजन संपन्न हुई तत्पश्चात विश्व शांति हेतु हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर मुनिश्री पदम सागर जी महाराज की दिव्या देशना का लाभ भी सभी को प्राप्त हुआ। दोपहर में विमान उत्सव के साथ श्री जी की पालकी यात्रा कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर समोशरण का मुख्य कलश प्राप्त करने का सौभाग्य मीनू जैन विजय श्री आयरन परिवार को प्राप्त हुआ। वही अन्य दिशाओं के कलश प्राप्त करने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र प्रिंस जैन अभाना वाला परिवार, महेश दिगंबर परिवार यज्ञ नायक प्रवीण महावीर जैन ट्रांसपोर्ट परिवार, रमेश चौधरी टोपीवाला परिवार को प्राप्त हुआ। आज एक प्रतिमा जी का सौभाग्य ब्रह्मचारी विनय भैया श्रीमती संगीता जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मंडप निर्माण हेतु मुन्नालाल माधव प्रसाद खमरिया वालों ने घोषणा की। श्रीजी की विमान पालिका अवसर पर मुंगावली से आए युवाओं का दिव्या घोष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रमुख महिला मंडलों के साथ 20 मंडलों ने सहभागिता दर्ज कराई। बड़ी संख्या में धर्म ध्वजाओ के साथ भक्ति मय उल्लास से बालक बालिकाओ के साथ श्रावक श्राविकाये सम्मलित हुए। मुनि श्री पदम सागर जी एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के निर्देशन में श्रावक जन श्री जी की पालकी को कंधों पर उठाकर भक्ति भाव के साथ नगर भ्रमण किया। नया बाजार घंटाघर स्टेशन चौराहा बस स्टैंड चौराहा से घंटाघर होते हुए विमान पालकी यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर श्री जी का अभिषेक पूजन शांति धारा संपन्न हुई। तथा मुनि श्री पदम सागर महाराज के मंगल प्रवचनों पर लाभ भी सभी को प्राप्त हुआ। समस्त कार्यक्रमों के दौरान भीषण गर्मी एवं धूप के बावजूद सैकड़ो की संख्या में सकल जैन समाज की महिला पुरुष बच्चों की मौजूदगी रही।

# समयबद्ध योजना बनाकर शहर के विकास को दी जाएगी नई दिशा- राज्यमंत्री

**नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता-विधायक मलैया**

**शहर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा, दिए गए अहम दिशा-निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर में रीडेंसीफिकेशन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रकरण हैं, इनमें पशुपालन विभाग की भूमि और पुराने मागंज स्कूल परिसर के बेहतर उपयोग को लेकर विशेष रूप से योजना बनाने पर जोर दिया जायेगा। मागंज स्कूल, जो काफी पुराना हो चुका है, वहां क्या और बेहतर किया जा सकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया गया। इस आशय की बात आज पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पशुपालन विभाग की जमीन के समुचित उपयोग को लेकर भी रणनीति तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय नगरपालिका के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। शहर के समग्र विकास, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और आवश्यक परियोजनाओं के लिए वित्तीय व्यवस्था कैसे सुनिश्चित की जाए, इस पर भी विस्तार से चर्चा कर सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गयें। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा महिला बसति गृह सहित 7-8 अन्य स्थानों के विकास और उन्नयन को लेकर भी मंथन किया गया। इन सभी स्थानों को बेहतर सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाये और उसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। आयोजित बैठक के दौरान पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने शहर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक श्री मलैया ने कहा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता हैं। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सहित सबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर बंगले के 100 वर्ष पूर्ण होने पर होली मिलन समारोह सम्पन्न

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज होली का त्योहार है। उन्होंने दमोह जिले के जन-जन को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज कलेक्टर बंगले को 100 साल जनवरी 2026 में पूर्ण हो गए हैं, तो इस सिलसिले में लगातार अलग-अलग आयोजन कर रहे हैं, इसी श्रृंखला में आज जिले के नागरिकों की यह धरोहर है, क्यों न इसे जनता के लिए आज के दिन के लिए समर्पित किया जाए तो आज सभी दमोह जिले के सभी वर्गों, गणमान्य नागरिकों, सबको आमंत्रित किया था और मुझे खुशी है लगातार लोग आये और यह सिलसिला लगातार चला। उन्होंने कहा आज लोगों ने इस 100 साल पुरानी विरासत को देखा है, यहाँ पर कुछ पल बिताए है और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी हैं।

**खबर संक्षेप**

## श्रृष्टि जैन बनी सीए, क्षेत्र की पहली महिला सीए बनने का गौरव

**जबेरा।** जबेरा नगर की श्रृष्टि जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट ( सीए) फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र की पहली महिला सीए बनने का गौरव प्राप्त किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार जैन समाज एवं नगर वासियों में हर्ष का माहौल है 1 श्रृष्टि जैन ने नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के साथ तैयारी की उन्होंने प्रतिभास्थली तिलवारा घाट जबलपुर में शिक्षा प्राप्त की, ज्ञात हो कि यह संस्था आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित संस्था है। आचार्य श्री के उपदेशों से प्रेरित होकर श्रृष्टि जैन ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने का निर्णय लिया है। सी ए की तैयारी के दौरान वह भारतवर्षीय प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान में रही, जहां रहकर उन्होंने अध्ययन को अन्तिम रूप दिया। इसके अतिरिक्त कुछ समय इंदौर में रहकर भी परीक्षा की तैयारी की। उनकी इस सफलता पर सकल जैन समाज, पाठशाला परिवार तथा क्षेत्र वासियों ने शुभ कामनाएं प्रेषित की है। सृष्टि जैन की इस उपलब्धि को स्थानीय स्तर पर छात्राओं के लिए प्रेरक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा हैं।



## लाइट की डोरी से युवक ने लगाई फांसी

**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मझगुवा मॉल में में एक व्यक्ति द्वारा खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार छोटेलाल पिता गोविंद राठौर उम्र 45 वर्ष निवासी मझगुवा थाना तेजगढ़ है पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था और नशे का सेवन करता था मृतक बुधवार की सुबह घर से खेत के लिए निकला था घटना की सूचना परिजनों को तब लगी जब परिजन खेत में पहुंचे तो मृतक युवक बबूल के पेड़ के नीचे पड़ा हुआ था और मृतक के गले में लाइट की डोरी का तार फंसा हुआ था तेजगढ़ थाने से पहुंचे प्रधान आरक्षक संदीप महोबिया आ राजन राजपूत ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और पुलिस के सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की वारदात, आरोपित गिरफ्तार

**मडियादो।** मड़यिादो थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म की वारदात सामने आई। घटना के बाद नाबालिग पीड़िता परिजनों के साथ मड़यिादो पुलिस थाना पँहुची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़िता अपने घर से खेत जा रही थी तभी उसके परिचित आरोपी ने उसे अपने सुने घर में बुलाकर दुष्कर्म किया । मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना की। अपराध दर्ज के 24 घंटे में ही पुलिस ने आरोपित को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दिल दहलाने वाला हत्याकांड: हत्या कर दानव की तरह खाया मांस, खून पिया

# सिरफिरे तांत्रिक ने की युवक की नृशंस हत्या, हथोड़े से सिर फोड़ा

**समन्ना गांव में सनसनीखेज वारदात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



देहात थाना अंतर्गत करीब 16 घंटे में हत्या के दूसरे घटनाक्रम ने लोगो को झकझोर कर रख दिया है। हथना गांव में बीती रात गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि समन्ना ग्राम में एक बाइक सवार युवक की दिन दहाड़े नृशंस हत्या के घटनाक्रम ने भाई दूज की खुशियां को मातम में बदल कर रख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर इमलिया चौकी क्षेत्र निवासी किशोर भरत पिता राम गोपाल विश्वकर्मा बाइक से अपनी बहन के घर समन्ना जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में लोहे की छड़ लेकर उत्पात मचा रहे एक सिरफिरे ने बाइक सवार भरत के सिर पर लोहे की छड़ से हमला करके गिरा दिया और फिर हथौड़े से उसका सिर फोड़ डाला। खून निकला और कटोरे में खून लेकर पीता और मांस खाता हुआ नजर आया। इस दौरान दहशत के चलते कोई भी बीच बचाव करने नहीं पहुंचा हालांकि कुछ लोग दूर से घटना के वीडियो मोबाइल पर बनाते रहे। जिनके सामने आने के बाद में यह दहशत भरा घटनाक्रम वायरस होते देर नहीं लगी। बाद में घटना की सूचना लगने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी गुड्डा पटेल पुलिस को भी लोहे के डंडे से डराते हुए खेतों की तरफ भाग गया। बाद में पुलिस में ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी करते हुए वमुश्किल आरोपी को गिरफ्त में लिया।





ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी गुड्डा उर्फ प्रहलाद पिता रामनाथ पटेल को तांत्रिक बनने का शौक है पूर्व में गांव में कोई भी व्यक्ति खत्म होता था तो रात को उसकी अस्थियां ले आता था एवं तांत्रिक बनने के शोक में उसने अपनी कुल्हाड़ी से बलि देने के लिए अपनी पत्नी की गला काट कर हत्या कर दी थी। उपरोक्त मामले में हो जेल में बंद रहा था हाल ही में वह जेल से छुटकारा आया था और होली के दूसरे दिन भाई दूज पर उसने इस घटना को अंजाम दे दिया। आज भी उसने सर फोड़ कर मांस खाया खून पिया एवं कुछ मांस उसने जेब में भी रख लिया था। मामले में सीएसपी एचआर पांडे का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है उसके द्वारा हत्या के बाद खून पीने मांस खाने की जानकारी भी सामने आई है तथा वह मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज करके जांच में जुटी हुई है।

# महर्षि स्कूल के प्यून की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत हथना गांव में देर रात गोली चलने की खबर से सनसनी के हालात बनते देर नहीं लगी। सूचना मिलते ही जबलपुर नाका चौकी पुलिस के साथ देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए आरोपी का पता लगाकर गिरफ्तारी करने निर्देशित किया।

जिला मुख्यालय से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित हथना गांव में बुधवार रात गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। बाद में मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने घटनास्थल करके निरीक्षण करके वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इधर मृतक युवक की पहचान चंदू पिता मलखान रैकवार 28 वर्ष निवासी हथना के रूप में हुई है। जोकि महर्षि विद्या मंदिर में पियून के पद पर कार्यरत बताया गया है।

घटना की जानकारी लगने पर देर रात एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे भी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा देहात थाना प्रभारी अमित गौतम, चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों से भी मृतक तथा घटना के संदर्भ में जानकारी ली गई।

फिलहाल घटना तथा हत्या के कारणों तथा आरोपियों के बारे में पता नहीं लग सका है। हत्या के पीछे कोई प्रेम प्रसंग, शराब खोरी में विवाद या फिर कोई पुरानी रंजिश है इसका पता लगाने में फिलहाल पुलिस जुटी हुई है। फिलहाल पंचनामा कार्रवाई कराकर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। होली के दूसरे दिन देर रात सामने आए घटनाक्रम ने हथना ग्राम में दहशत के साथ गमगीन माहौल को निर्मित करके रख दिया है। वहीं पुलिस से जल्दी दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की अपेक्षा की जा रही है।

# घर से निकले युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या, दोस्त के साथ बाइक से गया था मृतक

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत खारी गांव में एक युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही इमलिया चौकी व तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की गई अज्ञात आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। बुधवार सुबह परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान मिले हैं, और पास ही एक बड़ा पत्थर पड़ा हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दुर्गेश पिता कलू सिंह निवासी हरदुआ खुर्द के रूप में हुई है। दुर्गेश के छोटे भाई भगवान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि मंगलवार को दुर्गेश गांव के सुंदर सिंह के साथ बाइक लेकर अभाना के हरिशंकर सेठ को देने गया था। उसके पास हरिशंकर सेठ के



4700 रुपए भी थे जो उसे वापस करने थे भगवान सिंह के अनुसार, मंगलवार रात दुर्गेश का फोन आया था, जिसमें उसने बताया कि वह पथरिया के जीजा के साथ इमलिया सब्जी लेने जा रहा है। हालांकि, बुधवार सुबह खारी गांव के जंगल में सड़क किनारे उसका खून से सना हुआ शव मिला। सिर पर गंभीर चोटों और पास पड़े पत्थर को देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह और इमलिया चौकी प्रभारी अक्षयेंद्रनाथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है यह घटना होलिका दहन की रात की बताई जा रही है इस घटना से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### इनका कहना है

तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया की अज्ञात आरोपी के द्वारा दुर्गेश सिंह की सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई है हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मृतक अविवाहित था और मजदूरी करता था। इसके अलावा शराब भी पीता था। पुलिस के द्वारा लोगों से पूंछताछ की जा रही है।

# टाइगर रिजर्व के जंगल में मिला युवक का शव

**घटनास्थल से बाइक की चाबी गायब, भाई ने लगाया हत्या का आरोपी पुलिस कर रही पूरे मामले की जांच**

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के जंगल में एक 30 वर्षीय युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक की शिनाख्त सागर निवासी विकास राजपूत के रूप में हुई है। घटनास्थल पर युवक की बाइक मिली है, लेकिन उसकी चाबी गायब है। परिजनों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए हत्या की आशंका जताई है रहली पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा रहली मार्ग पर टाइगर रिजर्व के अंदर विस्थापित ग्राम मुहली के पास जंगल में युवक का शव पड़ा था। गश्त कर रहे वनकर्मियों ने जब शव देखा तो तत्काल रहली पुलिस को सूचना दी। रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां खड़ी बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान विकास पिता मनोहर सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी बाईसा मोहल्ला (सागर) के रूप में हुई। गुरुवार सुबह डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम ने वारदातस्थल की बारीकी से जांच कर सबूत इकट्ठे किए।



### बुधवार दोपहर घर से निकला था, मोबाइल आ रहा था बंद

मृतक के भाई अविनाश सिंह ने पुलिस को बताया कि विकास बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे घर से निकला था। जब वह देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसे फोन लगाया, लेकिन उसका मोबाइल बंद आ रहा था। इसी बीच पुलिस से उन्हें घटना की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार के लोग सागर से घटनास्थल पहुंचे गुरुवार दोपहर पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

### परिजनों का सवाल- 60 किमी दूर जंगल में कैसे पहुंचा भाई

अविनाश ने पुलिस के सामने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके भाई की षड्यंत्र के तहत हत्या की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि विकास सागर से करीब 60 किलोमीटर दूर इस घने जंगल में कैसे पहुंच गया उनका कहना है कि विकास की किसी से कोई बुराई नहीं थी और वह शराब भी नहीं पीता था। घटनास्थल पर उसकी बाइक खड़ी मिली है, लेकिन चाबी गायब है, जबकि मौके पर उसकी चप्पल और इयरफोन पड़े मिले हैं। परिजनों ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भक्तों ने जागेश्वरनाथ के साथ फूलों की होली



बनवार। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वरनाथ महादेव मंदिर बांदकपुर में इस वर्ष होली का पर्व भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के दरबार में फूलों की होली खेली गई, जिससे पूरा वातावरण रंग-बिरंगे फूलों और प्राकृतिक गुलाल की खुशबू से महक उठा। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के समक्ष फाग गीत गाते हुए फूलों की होली खेली। भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर भगवान के दरबार में अद्भुत और मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। मंदिर परिसर में चारों ओर "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी फाल्गुन माह में विशेष रूप से फूलों की होली और फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान के दरबार में इस अनूठे होली उत्सव का आनंद लिया। फूलों की होली के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। भक्तों ने भगवान शिव के चरणों में फूल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की और एक-दूसरे को फूलों की होली खेलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में भक्ति और आनंद का अनूठा माहौल बना दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से होली खेलने जा रहे दो बाइक सवार मित्रों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र में सकोर के पास मंगलवार की दोपहर दो बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दोनों युवक मंगलवार सुबह होली खेलने घर से निकले थे, लेकिन दोपहर के समय किसी अज्ञात वाहन वाहन ने उन्हें टक्कर मार कर घायल कर दिया। दोनों को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रिंस पिता पप्पू रैकवार 18 निवासी रनेह और मयंक पिता मुकेश दुबे 18 मंगलवार सुबह करीब 11 बजे होली खेलने के लिए गैसाबाद की ओर निकले थे। दोपहर तीन बजे गैसाबाद थाना क्षेत्र के सकोर और पुरैना गांव के बीच किसी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक घायल अवस्था में सड़क पर पड़े थी जिन्हें इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी लगते ही परिजन हटा सिविल अस्पताल पहुंचे जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल था। क्योंकि होली पर्व पर एक साथ दोनों दोस्तों की मौत से दोनों के परिवार सदमे में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया की सिविल अस्पताल हटा से सूचना प्राप्त हुई थी दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिससे मौत हो गई है। वह अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली। गैसाबाद पुलिस भी हटा पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव में दो मौतों से दो परिवारों की होली की खुशियां मातम में बदल गई है गांव में मातम पसरा हुआ है।

# दमोह में अनुपयोगी शासकीय भूमि का होगा समुचित विकास-राज्यमंत्री

**आगामी समय में विस्तृत योजना तैयार की जाएगी- विधायक, शहर के 'हाट एरिया' में पार्किंग व कॉम्प्लेक्स की योजना, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पार्किंग, छात्रावास व शैक्षणिक संस्थानों की बनेगी योजना**

**दमोह।** शहर की अनुपयोगी भूमि एवं स्थलों का सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी उपयोग सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य शहर की प्रमुख एवं प्राइम लोकेशनों का सुव्यवस्थित विकास कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस आशय की बात आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने शहर भ्रमण के दौरान अनुपयोगी पड़ी जमीनों का जायजा लेते हुए कही। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा शहर के विभिन्न ऐसे शासकीय अनुपयोगी स्थलों का निरीक्षण किया गया, जिनका वर्तमान में समुचित उपयोग नहीं हो रहा हैं। इन स्थानों पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग व्यवस्था, छात्रावास, लाइब्रेरी एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा विधायक श्री मलैया, कलेक्टर श्री कोचर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की जाएगी तथा आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा वर्तमान में शहर के मध्य स्थित पशु




चिकित्सालय लगभग एक एकड़ भूमि पर संचालित है। यह क्षेत्र शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त इलाका है, जहां पार्किंग की गंभीर समस्या है, प्रस्ताव है कि इस भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, व्यवस्थित पार्किंग एवं अन्य उपयोगी संरचनाएं विकसित की जाएं। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से भी चर्चा की जा रही है, ताकि सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किया जा सके।

पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया ने कहा जिन सरकारी स्थलों की भूमि अव्यवस्थित एवं अनुपयोगी है, उनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इस दृष्टी से आगामी समय में राज्यमंत्री श्री पटेल, कलेक्टर श्री कोचर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कुछ जर्जर भवन वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं, जबकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुरक्षित भवनों में संचालित हो रही है। ऐसे खाली पड़े जर्जर भवनों के स्थान पर नई उपयोगी संरचनाओं के निर्माण की योजना बनाई जाएगी। निरीक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि संबंधित भूमि स्कूल शिक्षा विभाग को शैक्षणिक संस्थान विकसित करने के उद्देश्य से लगभग छह एकड़ प्रदान की गई थी। प्रशासन अब इस दिशा में ठोस एवं दीर्घकालिक योजना तैयार करेगा, ताकि भूमि का उद्देश्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा निरीक्षण के पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी। एक समग्र एवं सुनियोजित रणनीति बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी, जिससे शहर की प्रमुख लोकेशनों का सुव्यवस्थित विकास हो और भविष्य में अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शहर की अनुपयोगी शासकीय भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान पशु चिकित्सालय कचोरा मार्केट, नगर पालिका विद्युत कार्यालय परिसर, मांगज स्कूल, बस स्टैंड लोडेड वाहन पार्किंग, महिला वसतीगृह, उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास किल्लाई नाका, दीवान जी की तलैया एवं मानस भवन सहित आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे।